# फैशन वॉक में भारतीय परंपरा, आधुनिकता का फ्यूजन

▸ सदर मंजिल हेरिटेज होटल में हुआ आयोजन

▸ 16 से 58 साल आयु वर्ग की महिलाओं ने लिया भाग



**निज संवाददाता**

**भोपाल, 6 जून. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सदर मंजिल हेरिटेज होटल में आयोजित 'दिव्यफल हेरिटेज फैशन वॉक' में फैशन, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम देखने को मिला. फैशन डिजाइनर अल्पा रावल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने भारतीय परंपरा और आधुनिक फैशन को एक मंच पर प्रस्तुत किया.**

कार्यक्रम की शोस्टॉपर फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड निकिता पोरवाल रहीं. उनकी आकर्षक रैम्प वॉक ने दर्शकों का ध्यान खींचा. फैशन वॉक में 16 से 58 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न परिधानों का प्रदर्शन किया. तीन चरणों में आयोजित इस फैशन वॉक के पहले दौर में बाग प्रिंट और फ्यूजन साड़ियों की प्रस्तुति हुई. दूसरे दौर में इंडो-वेस्टर्न और पार्टी वियर परिधान आकर्षण का केंद्र बने. अंतिम चरण में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया. अल्पा रावल ने मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध चंदेरी, महेश्वरी और बाग प्रिंट साड़ियों को नए अंदाज में रैम्प पर उतारा. परिधानों में चिकनकारी, मिरर वर्क और पारंपरिक हस्तशिल्प की झलक दिखाई दी.कार्यक्रम के मेंटर हरिओम जटिया ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय विरासत, हस्तकरघा परंपरा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने इसे संस्कृति और प्रकृति संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल बताया.

## फिल्म 'फ्लाई अवे होम' का प्रदर्शन

**भोपाल.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (एनसीएचएसई) में सिने' क्लासिक के सहयोग से चर्चित फिल्म फ्लाई अवे होम का प्रदर्शन किया गया. फिल्म में प्रकृति, मनुष्य और पक्षियों के संबंधों को दर्शाया गया है.

1996 में प्रदर्शित फ्लाई अवे होम एक दिल को छू लेने वाली पारिवारिक साहसिक फ़िल्म है. सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फ़िल्म एक किशोरी और कनाडाई हंसों के झुंड की अद्भुत यात्रा को चित्रित करती है. अपनी मानवीय संवेदनाओं, प्रकृति के प्रति गहरे लगाव और आशावादी दृष्टि के कारण इसे विश्व सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ 'फील-गुड' क्लासिक फ़िल्मों में गिना जाता है.

# कूनो में मादा चीता की मौत, घायल मिली थी

▸ भारतीय मूल की चीता की उम्र 27 माह थी



**ग्वालियर, 6 जून. कूनो नेशनल पार्क में शनिवार शाम भारतीय मूल की 27 माह की मादा चीता की इलाज के दौरान मौत हो गई. वह पिछले पांच दिनों से पालपुर स्थित पशु चिकित्सा केंद्र में भर्ती थी. इसके साथ ही कूनो में चीतों की संख्या घटकर 49 रह गई है, जबकि देशभर में कुल 52 चीते बचे हैं.**

कूनो राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन के अनुसार, मादा चीता एक जून को मुरैना जिले के पहाड़गढ़ क्षेत्र में घायल अवस्था में मिली थी. सूचना मिलने पर वन विभाग और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उसका रेस्क्यू किया और बेहतर इलाज के लिए पालपुर स्थित वेटरनरी सुविधा केंद्र पहुंचाया.

पार्क प्रबंधन के मुताबिक चीता की लगातार चिकित्सकीय निगरानी की जा रही थी. विशेषज्ञ डॉक्टरों और फील्ड स्टाफ ने इलाज के लिए आवश्यक प्रयास किए, लेकिन उसके स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ. शनिवार शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. कूनो प्रबंधन ने बताया कि मादा चीता का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा. इसके बाद उसकी मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की परिस्थितियां स्पष्ट होंगी. कूनो नेशनल पार्क में चीतों की निगरानी और स्वास्थ्य प्रबंधन पर लगातार काम किया जा रहा है. चीता की मौत के बाद वन विभाग और पार्क प्रबंधन आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई में जुट गया है.

# आज सुबह 6 बजे निकलेगी साई की साइकिल रैली

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल 6 जून. विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, भोपाल की ओर से आज सुबह 6 बजे टीटी नगर स्टेडियम से साइकिल रैली निकाली जाएगी. रैली को मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे.**

अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भाकुनी और एलएनआईपीई ग्वालियर के कार्यवाहक कुलपति डॉ. एम.के. सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे. साई भोपाल के खिलाड़ी और प्रशिक्षक भी रैली का हिस्सा बनेंगे. साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा. भारतीय खेल प्राधिकरण का यह प्रयास खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ समाज को फिट और सक्रिय बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है.आयोजक के अनुसार आयोजन को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. यह रैली राजधानी में स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का बड़ा संदेश देगी.

# बचपन की यादों को मिला रंगों का मंच

▸ रवीन्द्र भवन में दो दिवसीय बाल कला प्रदर्शनी





**निज संवाददाता**

**भोपाल, 6 जून. रवीन्द्र भवन की कला वीथी में लिखन्दरा कला समिति द्वारा 6 और 7 जून को दो दिवसीय बाल कला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन में पहले दिन शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से लगभग 100 बच्चों ने हिस्सा लिया. प्रदर्शनी 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित की जा रही है.**

आयोजन की विशेष थीम '90 के दशक की यादें' रखी गई है, जिसके जरिए नई पीढ़ी को पुराने समय की जीवनशैली, खेल, पारिवारिक संबंधों और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराया.

कार्यक्रम में चित्रकला प्रदर्शनी के साथ लाइव आर्ट डेमोंस्ट्रेशन, स्टोरी टेलिंग, कलाकारों से संवाद और कई रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित हो रही हैं, बच्चों के लिए फेस पेंटिंग, फ्लावर मेकिंग, पॉटली मेकिंग, सेल्फ पोर्ट्रेट, फूड स्टॉल तथा अन्य आकर्षक गतिविधियों की व्यवस्था की गई है. प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है.

अंकिता जैन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी रचनात्मक सोच को खुलकर अभिव्यक्त कर सकें और कला के माध्यम से आत्मविश्वास विकसित कर सकें.उन्होंने नागरिकों और कला प्रेमियों से प्रदर्शनी में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है. प्रदर्शनी में भोपाल के गांधीनगर निवासी युवा कलाकार रोबिन सिंह मेवाड़ा की पेंटिंग 'आदिशक्ति' विशेष आकर्षण का केंद्र है. हमीदिया कॉलेज से फाइन आर्ट्स में एम.ए. रोबिन ने अपनी कलाकृति में अंधकार पर शक्ति की विजय का संदेश दिया है. पेंटिंग में त्रिशूल, चक्र और आभा चक्र का उपयोग कर नारी शक्ति के वर्चस्व को दर्शाया गया है.

# एमसीसीए ने एनसीसीसी को 6 विकेट से हराया



**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल 6 जून. एचएमजी कप अंडर-15 इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को डीपीएस खेल मैदान पर मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी(एमसीसीए) ने शानदार खेल दिखाते हुए एनसीसीसी को 6 विकेट से हरा दिया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एनसीसीसी की टीम 20.5 ओवर में 59 रन पर ऑल आउट हो गयी .**

टीम की ओर से आरव थिलर ने 16 रन बनाए. एमसीसीए की ओर से वेद पाठक, हिरदेश, अर्णव धाकड़ और तेजस सिंह ने दो-दो विकेट लिए और विरोधी टीम को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. 60 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमसीसीए के मानस जैन ने 26 रन और तेजस सिंह ने नाबाद 17 रन बनाकर टीम को 18.5 ओवर में 4 विकेट पर जीत दिला दी. एनसीसीसी की ओर से मयंक प्रजापति ने दो विकेट लिए. तेजस सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया. उन्होंने 17 रन की नाबाद पारी खेलने के साथ दो विकेट भी अपने नाम किए. अब दूसरे दौर का छठवां मुकाबला रविवार सुबह रेलवे यूथ क्रिकेट क्लब और सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा.

## मत्स्य पालन की तकनीक पढ़ाई जायेगी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 6 जून** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग नई तैयारी में जुटा है. अब कक्षा 9 वीं से पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी विषयों को शामिल करने की तैयारी कर रहा है.

बता दें इस नई योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूली स्तर पर ही विद्यार्थियों को ऐसे हुनर से जोड़ना है, जिससे भविष्य में उनके लिए रोजगार की राहें आसान हो सकें.नए प्रस्ताव के तहत पशुपालन और मत्स्य पालन को विशेष व्यावसायिक विषयों के रूप में पाठ्यक्रम में जोड़ा जाएगा.

# वीके-18 ने एमएसडी-7 हाउस को हराया

▸ मयंक चतुर्वेदी अकादमी



**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल 6 जून. मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में विराट कोहली हाउस (वीके-18) ने महेंद्र सिंह धोनी हाउस (एमएसडी-7) को 7 विकेट से हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएसडी-7 हाउस की टीम 67 रन पर आल आउट हो गयी.**

दूसरी ओर, वीके-18 के वंश कोरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए . विराट सक्सेना और आरव जरीवाला ने भी एक-एक विकेट लेकर सहयोग दिया .68 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी विराट कोहली हाउस की टीम के कप्तान कार्तिक शर्मा ने 26 रन की व विराट सक्सेना ने 11 रन जोड़कर टीम को 3 विकेट खोकर जीत दिला दी. एमएसडी-7 की ओर से कुश ने दो विकेट लिए. शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए वंश कोरी को वरिष्ठ क्रिकेटर हेमंत कुमार सूदन और शिव नारायण शर्मा द्वारा प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

## प्रत्येक विद्यार्थी की होगी अपार आईडी

**भोपाल.** प्रदेश के सभी विद्यार्थियों का शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित और एक ही जगह पर उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में अपार आईडी निर्माण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा ह. इसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी बनाने का कार्य किया जाएगा. साथ ही प्रदेश की समस्त स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जाएगा. प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 39 लाख 38 हजार स्कूली विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जाएगी. अब तक 93 लाख 97 हज़ार विद्यार्थियों की अपार आईडी का निर्माण हो चुका है.

# संजय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी विजयी

▸ प्रसून सारंग क्रिकेट टूर्नामेंट



**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल 6 जून. प्रसून सारंग स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में संजय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी ने सिली पॉइंट क्रिकेट एकेडमी को 148 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया. मुकाबले के हीरो रहे वीर प्रताप, अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से जीत के साथ मैन ऑफ द मैच पुरुष्कार भी जीता.**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी संजय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी ने 25 ओवर में 6 विकेट पर 189 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया. वीर प्रताप ने आते ही 34 गेंदों में 67 रन बनाये . उनकी पारी में 12 चौके और एक छक्का शामिल रहा. वेदांत ने 38 और अनुग्रह ने 26 रन बनाकर टीम को सहयोग दिया.

सिली पॉइंट की ओर से विवेक द्विवेदी ने तीन विकेट लिए . 190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिली पॉइंट क्रिकेट एकेडमी की टीम महज 41 रन पर सिमट गई . ध्रुव नायक ने सर्वाधिक 9 रन बनाए . इसके बाद वीर प्रताप ने गेंदबाजी में भो हुनर दिखाया और 19 रन देकर 6 विकेट लिए . अनुग्रह ने दो विकेट हासिल किए .

# फलों को पकाने की आधुनिक यूनिट लगायें

▸ कृषि उत्पादन आयुक्त ने दिये संभागीय समीक्षा में निर्देश

**भोपाल, 6 जून.** कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल ने खरीफ की आगामी फसलों के संबंध में किसानों की आय बढ़ाने के लिए बाजार की मांग आधारित फसलों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कृषि, सहकारिता और उद्यानिकी विभाग की योजनाओं को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए. उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भी सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिलों में फलों को पकाने वाली आधुनिक यूनिट स्थापित करें. बर्णवाल शनिवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय उज्जैन के सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे. बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता डीपी आहूजा, सचिव किसान कल्याण निशांत बरबडे, आयुक्त उज्जैन आशीष सिंह, सचिव उद्यानिकी जान किन्सली ए आर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे.


**FOR SALE**

भोपाल के जवाहर चौक मेन रोड पर प्राइम लोकेशन में डबल शटर कॉर्नर की लगभग 500 स्क्वायर फीट कमर्शियल दुकान बेचना है। संपर्क करें : 09243628088



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम DINESHKUMAR JAGANNATH PRASAD SHARMA मेरे पासपोर्ट में अंकित है जो की गलत है, वर्तमान में मेरे पेन कार्ड एवं आधार कार्ड में मेरा सही नाम **दिनेश कुमार शर्मा** (Dinesh Kumar Sharma) अंकित है जो कि सही है।

वर्तमान और भविष्य में मुझे मेरे सही नाम दिनेश कुमार शर्मा से जाना व पहचाना जाये।

**दिनेश कुमार शर्मा**
पता–310–ए,रोहित नगर, फेस–2, आकृति ईको सिटी के पास, बावडियाकलां भोपाल



**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश)**
**DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)**
(A Central University / केंद्रीय विश्वविद्यालय)
चतुर्थ चक्र में NAAC द्वारा "A+" ग्रेड मान्यता प्राप्त


डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) अकादमिक सत्र 2026-27 हेतु बीपीईएस (बैचलर ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) प्रोग्राम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश **शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश)** द्वारा आयोजित **विभागीय प्रवेश परीक्षा** के माध्यम से होगा।

(क) **मुख्य विशेषताएँ :**
- प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर एवं वाई-फाई सुविधा युक्त विश्वविद्यालय परिसर 1300 एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है।
- विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्वान एवं अनुभवी संकाय सदस्य, 04 लाख से अधिक पुस्तकें, ई-जर्नल्स, इनफ्लिबनेट, डेलनेट सुविधायुक्त उत्कृष्ट केन्द्रीय पुस्तकालय और प्लेसमेंट सेल उपलब्ध हैं।
- छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास।
- आउटडोर और इनडोर गेम्स की सुविधाएँ, सुसज्जित जिम, स्पोर्ट्स स्टेडियम, फिजियोथेरेपी सेंटर, हेल्थ सेंटर, पोस्ट ऑफिस, बैंक, एडवांस्ड रिसर्च सेंटर, कैफेटेरिया इत्यादि।

(ख) **विभागीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए उपलब्ध प्रोग्राम :**
- बैचलर ऑफ़ फ़िज़िकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (BPES) (6/8 सेमेस्टर डिग्री कोर्स)। प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, सीटों की संख्या, आरक्षण नीति, प्रवेश परीक्षा के नियम, शुल्क इत्यादि से संबंधित जानकारी के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर: www.dhsgsu.edu.in पर उपलब्ध **"बीपीईएस प्रवेश विवरणिका 2026-27" का अवलोकन करें।**

(ग) प्रवेश हेतु परीक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश) द्वारा आयोजित की जायेगी।
**ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 30 जून, 2026**

कुलसचिव

## लकड़ी से भरे ट्रक को किया जब्त

**बैरसिया, 6 जून.** वन परिक्षेत्र बैरसिया में अवैध वनोपज की कटाई एव परिवहन की रोकथाम के लिए वन अमला रात्रि गस्त कर रहा है. इसी कड़ी मे गुरुवार रात 2 बजे पिपलिया हसनाबाद के पास से अवैध वनोपज का परिवहन करते एक ट्रक को जब्त किया है. वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय सिंह राजपूत ने वन अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज ट्रक क्रमांक एमएच - 40 सीएम - 5882 को जब्त किया. ट्रक में आम की लकड़ी भरी थीं. शारूख पिता वहीद खां निवासी केशुखेड़ी को आरोपी बनाया है. रेंजर राजपूत ने बताया कि जब्त वनोपज की कीमत लगभग 90 हजार एवं ट्रक की कीमत लगभग 6 लाख बताई गई है. इस कार्यवाही में डिप्टी रूपसिंह उईके , डिप्टी डोगर सिंह चौहान , सोमवीर सिंह , अमित सागवान , राजकुमार शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही.


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** — IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीकृत किया गया।है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 128772869 | होम लोन | 09-05-2026 | 6,44,646.51/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम:** 1. दौलत राम 2. साजन बाई

**संपत्ति का पता:** प्लॉट संख्या 29 (पी), सर्वे संख्या 239 (बी), पीएच नं. 111, कुल क्षेत्रफल 141 वर्ग मीटर, गांव: पिपलाबे पुरोहित, तहसील: राजगढ़, जिला: राजगढ़, मध्य प्रदेश-465661 में स्थित, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: सड़क, पश्चिम: कुमार सिंह का घर, उत्तर: गोर्धन का घर, दक्षिण: सड़क

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 07.06.2026
स्थान: मध्यप्रदेश

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)



**भारतीय स्टेट बैंक** होम लोन सेन्टर-1
होम लोन सेन्टर-1, द्वितीय तल, व्यवसायिक शाखा बिल्डिंग, एलएचओ भवन के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल-11. फोन: 2575170, 2575192

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस**

**ई-नीलामी की दिनांक: 10.07.2026, समय: सुबह 11.00 से 5.00 बजे**

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा कॉलम ग में नीचे वर्णित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' एवं बिना किसी विधिक दायित्व के निम्न–लिखित उधार लेने वालों और प्रत्याभूति–दाता से प्रतिभूति लेनदार को बकाया राशि कॉलम ख में नीचे वर्णित की वसूली हेतु दिनांक 10.07.2026 को बेचा जाएगा, जिसका आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि कॉलम घ में क्रमशः नीचे वर्णित है।

| ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम | विक्रय सम्पत्ति पर बकाया राशि | सम्पत्ति का विवरण एवं टाइटल धारक का नाम | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धनराशि / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **श्री शिरीष मनोहर फड़के पुत्र स्व. श्री मनोहर डी. फड़के** पता: 1. 17, अनामिका नगर, जी-3, गुलमोहर कॉलोनी, गोमती अपार्टमेंट और डी.के. गोल्ड अपार्टमेंट, बावड़िया कलां, तहसील-हुजूर, भोपाल (म.प्र.) 2. फ्लैट नंबर एलएफ-2, प्लाट नं. 218, पहली मंजिल, कनक रिट्रीट, त्रिलोचन, नगर, बावड़िया कलां,तहसील-हुजूर, भोपाल। | रू. 11,02,569/- +ब्याज+अन्य खर्च | फ्लैट नं. एलएफ–2, प्लाट नं.218, पहली मंजिल, कनक रिट्रीट, त्रिलोचन नगर, बावड़िया कलां, तहसील– हुजूर, भोपाल (मध्य प्रदेश), फ्लैट का क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट (69.70 वर्ग मीटर), बहुमंजिला इमारत के अंतर्गत निर्मित, प्लाट नं. 218, वार्ड नं. 51, ग्राम – बावड़िया कलां, हुजूर, भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित, श्री शिरीष मनोहर फड़के पुत्र स्वर्गीय श्री मनोहर डी. फड़के के नाम पर। (स्वामित्व विलेख के अनुसार) सीमाएें : पूर्व में – 25 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम में–प्लाट नं. 217, उत्तर में – 30 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण में – प्लाट नं.241 **संपत्ति आईडी : SBIN85024651964** | रू. 21,26,000/- / रू. 2,12,600/- / रू. 25,000/- |

1. सम्पत्तियों को ''जैसा है जहां है, जैसा है और जो है'' के आधार पर बेचा जाएगा। 2. उपर उल्लिखित सम्पत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी पर आधारित है और घोषणा में दी गई किसी भी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा। विक्रय की विस्तृत शर्तो के लिए वेबसाइट https://bank.sbi/-in-the-news/auction-notices/bank-e-auctions & httpsi://www.baanknet.com/ का अवलोकन अवश्य करे।

इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीदारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक ई–नीलामी वेब पोर्टल www.baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा । यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी के पूर्व रजिस्ट्रेशन, केवायसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में ईएमडी जमा अग्रिम रूप से किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्तियों पर कोई अन्य भार नहीं है, फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्तियों से संबंधित किसी भी भार के विषय में संबंधित कार्यालय / विभाग से जानकारी प्राप्त करें । संपत्ति से संबंधित निर्णय निविदादाता को स्वविवेक से लेना होगा। ई–नीलामी **'जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है'** के आधार पर एवं ऑनलाईन होगी । ई–नीलामी की प्रक्रिया बैंक द्वारा संचालित की जावेगी । सफल बोलीदाता को संपत्ति को अपने नाम पर हस्तांतरित कराने के लिए लागू सभी आवश्यक खर्चो जैसे कि लागू स्टांप शुल्क/अतिरिक्त स्टांप शुल्क/हस्तांतरण शुल्क, पंजीकरण खर्च, फीस आदि का वहन अलग से करना होगा।
**निरीक्षण दिनांक 08.07.2026** समय सुबह 11.00 से शाम 4.00 बजे तक (पूर्व में लिए समय अनुसार) 1) 06 दिन पहले रजिस्ट्रेशन एवं ईएमडी राशि वॉलेट में ई–नीलामी की दिनांक से 2 दिन पूर्व जमा करना, सुनिश्चत करें, 2) रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी के लिए 8291220220, ई–मेल : support.baanknet@psballiance.com

नोट: बैंक बिना कारण बताए उपरोक्त नोटिस में वर्णित नीलामी को रोकने व सम्बधित अंतिम नियम/शर्ते व निर्णय का अधिकार भारतीय स्टेट बैंक के पास सुरक्षित रखता है।

**यह प्रकाशन ऋणी/जमानतदारों/बंधनकर्ताओं को लोन अनुबंध के अंतर्गत 30 दिवसीय सूचना भी है।**

दिनांक : 07.06.2026 | **प्राधिकृत अधिकारी**